भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
10.03.2021 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2711 का उत्तर

अलूर स्टेशन पर ठहराव

2711. श्री प्रज्जवल रेवन्ना:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान कर्नाटक में कितनी नई रेल सेवाएं शुरू की गई हैं;
(ख) क्या सरकार ने कर्नाटक में नई रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या हसन जिले के अलूर तालुक में रेलगाड़ी के ठहराव की कोई योजना है जो उस क्षेत्र के लोगों की बहुत आवश्यक मांग रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) अवसंरचना और जनशक्ति होने के बावजूद अलूर स्टेशन पर रेलगाड़ियां न रोके जाने के क्या कारण हैं; और
(ङ) क्या मंत्रालय को कारवार एक्सप्रेस को चन्नरायपटना स्टेशन पर रोकने के लिए कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, वाणिज्य एवं उद्योग और
उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ङ) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

sk

अलूर स्टेशन पर ठहराव के संबंध में दिनांक 10.03.2021 को लोक सभा में श्री प्रज्जवल रेवन्ना के अतारांकित प्रश्न सं. 2711 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) : भारतीय रेलवे राज्य-वार आधार पर गाड़ी सेवाओं का परिचालन नहीं करती क्योंकि रेलवे नेटवर्क राज्य की सीमाओं के पार तक फैला हुआ है। बहरहाल, वित्त वर्ष 2015-16 से 2019-20 के दौरान, आरंभिक/गंतव्य आधार पर कर्नाटक राज्य में स्थित विभिन्न स्टेशनों को सेवित करने वाली 36 जोड़ी गाड़ी सेवाएं शुरू की गई हैं।

(ख) उपर्युक्त अवधि के दौरान, कर्नाटक राज्य में पूर्णतः/आंशिक रूप से पड़ने वाली 04 परियोजनाओं (नई लाइन/आमान परिवर्तन/दोहरीकरण) के लिए शिलान्यास किया गया है जिसका ब्यौरा निम्नानुसार हैः-

क्र.सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति का वर्ष	शिलान्यास	
			किया गया	शिलान्यास की तिथि
1.	अरसीकेरे-तुमकुरू (96 कि.मी.)	2015-16	माननीय पूर्व रेल मंत्री श्री एस.पी. प्रभु	15.05.2016
2.	येलाहंका-पेनुकोंडा (120.55 कि.मी.)	2015-16	माननीय पूर्व रेल मंत्री श्री एस.पी. प्रभु	15.05.2016
3.	हुब्बली-चिकजाजुर (190 कि.मी.)	2015-16	माननीय पूर्व रेल मंत्री श्री एस.पी. प्रभु	15.05.2016
4.	बय्यप्पनाहल्ली तीसरा कोचिंग टर्मिनल (श्री मोक्षागुंडम विश्वेस्वरय्या बेंगलुरू)	2015-16	माननीय पूर्व रेल मंत्री श्री एस.पी. प्रभु	16.01.2017

(ग) और (घ): इस समय, अलुर हॉल्ट परिचालन में नहीं है। अत: अलुर हॉल्ट पर गाड़ियों को ठहराव देना फिलहाल व्यवहारिक नहीं है।

(ङ): अन्य बातों के साथ-साथ, गाड़ियों को ठहराव देने हेतु रेलवे प्रशासन के विभिन्न स्तरों, यथा रेलवे स्टेशन, मंडल, जोनल मुख्यालय और रेलवे बोर्ड स्तर पर बड़ी संख्या में अभ्यावेदन प्राप्त होते हैं, जिनका सार-संग्रह नहीं रखा जाता। इनकी जांच/विचार किया जाता है और व्यवहार्य एवं उचित पाए जाने पर समय समय पर इन पर कार्रवाई की जाती है, जो कि एक सतत प्रक्रिया है। बहरहाल, 23.03.2020 से नियमित यात्री गाड़ियों के बंद होने से पूर्व चन्नारायापटना 7 जोड़ी गाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित था। इसके अलावा, भारतीय रेल पर ठहरावों की व्यवस्था करना एक सतत प्रक्रिया है।

****

sk